कान्हा ने करो है कमाल

कान्हा ने करो है कमाल हो कमाल,
मेरे रंग लगा दिया सब तन पर॥

जमुना पर मोहे बुला लियो,
मेरे रंग गुलाल लगाई दियो,
मेरे रगड़ दिए दो गाल मेरे रंग लगा दिया सब तन पर,
कान्हा ने करो है कमाल....

मधुबन में मोहे बुला लियो,
ग्वालो की टोली संग लायो,
मेरा कर दिया है बुरा हाल मेरे रंग लगा दियो सब तन पर,
कान्हा ने करो है कमाल....

पनघट पे मोहे बुला लियो,
मटकी में रंग भराए लियो,
मेरी चुनरी दीनी फाड़ मेरे रंग लगा दिया सब तन पर,
कान्हा ने करो है कमाल....

बरसाने में तू आ जइयो,
ग्वालो को साथ में ले आईयो,
लटिया से लगाए दे मार मेरे रंग लगा दियो सब तन पर,
कान्हा ने करो है कमाल....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26082/title/kanha-ne-karo-hai-kamaal

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |